एक नजर में

श्री विसालाड महिला मंडल का वार्षिक उत्सव

बुरहानपुर। श्री विसालाड महिला मंडल का वार्षिक उत्सव की मुख्य अतिथि महापौर माधुरी बेन पटेल ,अतिथि डॉ. जुहि गौरव गर्ग के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। महिला मंडल की अध्यक्ष ममता बेन कापडीया ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि माधुरी बेन पटेल का स्वागत किया एंव डॉ जुहि गर्ग का स्वागत उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना बेन बजाज द्वारा पुष्पहार से किया गया। तत्पश्चात संगीत संध्या एवं आनंद मेले का भव्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । समाज के सभी लोगों ने आनंद मेले में व्यंजनो का स्वाद एवं मेले का आनंद लिया। डॉ. जूही गर्ग ने 11000 रुपए की राशी कोषाध्यक्ष सुनिता मेहता को भेंट की। स्मृति चिन्ह उषा श्राफ एवं वंदना कापडीया ने अतिथियों को भेट किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव कापडीया, डॉ.रमेश कापडीया, नारायण बजाज, चंन्द्रकांत श्राफ,राजेश बजाज, आराधना श्राफ , प्रतिभा शाह ,कैलाश रंगवाला,लता शाह, उषा रंगवाला उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गीती श्रॉफने किया. अंत मे अध्यक्ष ममला बेन कापडीया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पूर्व सांसद ठाकुर महेन्द्र सिंह की जयंती पर आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज

बुरहानपुर। आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे राजस्थानी भवन के पीछे स्थित श्रीनगर कालोनी में ब्रह्मशक्ति ठाकुर निवास पर होगा। आज पूर्व सांसद महेन्द्र कुमार सिंह के

जयंती निमित्त यह सत्संग आयोजित किया गया है। संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले एवम विश्वजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि विगत 14 वर्षों से पूर्व सांसद महेंद्र सिंह की जयंती पर संस्था के द्वारा यह श्रद्धांजलि सत्संग प्रति वर्ष आयोजित होता है,आज वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय मधुसूदन खण्डेलवाल की पुण्यतिथि होने से उन्हें भी याद किया जायेगा। सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्राफ्ए भरत रावल,विजय दुम्बानी, राजेंद्र पंवार,दीपाली पंडित, राजरानी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित भजनों के अतिरिक्त जीवन दर्शन पर आधारित गीतों के माध्यम से स्वर्गीय ठाकुर महेन्द्र सिंह और स्वर्गीय अधिवक्ता मधुसुदन खंडेलवाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। प्रशिक्षक रविन्द्र पंडित और स्नेहा मुंगी के द्वारा संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा साधकों को गुरुवाणी में ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। संस्था से जुड़े पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिंह,तारिका देवी सिंह,आदित्यवीर सिंह, देव सिंह ठाकुर, हर्षित ठाकुर, योगेश श्रॉफ लक्ष्मण मित्तल ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से इस श्रद्धांजलि सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

दिव्यांग बच्चों के लिए स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन

बुरहानपुर। जिला कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर कार्यालय कलेक्टर उपसंचालक एवं सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण और नगर निगम बुरहानपुर द्वारा शहरी क्षेत्र में जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को लिए स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे शिविरों का आयोजन दिनांक 8 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2025 तक किए जाएंगे। जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन कर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। शिविरों का आयोजन प्रात: 10.00 बजे सायंकाल 04.00 बजे तक आयोजन किया जायेंगे, समस्त शिविरों हेतु संजय शाह प्रण् योजना अधिण्नोडल अधिकारी एवं इफ्तेखार अलीलिपीक सहायक के रूप में कार्य का निर्वहन करेंगे।

निगम योजना प्रभारी संजय शाह ने शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में निम्न स्थानों पर जैसे दिनांक 8 अक्टूबर को महाजनापेठ नेहरू नगर,शिकारपुरा,सिलमपुरा में सामुदायिक भवन पुलिस चौकी के पास,9 अक्तुबर को प्रतापपुरा महर्षि दयानंद वार्ड तिलक वार्ड अंबेडकर वार्ड में तिलक हॉल मे, 10 अक्टूबर को शाह बाजार,चाचा फक्रीरचंद वार्ड,शास्त्री वार्ड,गांधी चौक में भारत मैदान स्वीट के पीछे शास्त्री वार्ड में , 13 अक्टूबर को खैराती बाजार,बैरी मैदान,नागझिरी बुधवारा में उर्दू स्कूल बैरी मैदान में , 14 अक्टूबर को मालवीय वार्ड,आलमगंजए,सरदार पटेल वार्ड ,इतवारा वार्ड,सिंधीपुरा वार्ड मालीवाडा वार्ड,को दुर्गा मैदान में , 15 अक्टूबर को आजाद वार्डए चंद्रकला वार्ड,लोहारमंडी,राजेंद्र प्रसाद वार्ड,दाऊदपुरा वार्ड,अब्दुल कादिर सिद्दीकी वार्ड में काली फाटक के पास, 16 अक्टूबर जाकिर हुसैन मोमिनपुरा वार्ड,हरिरपुरा वार्ड,शनवारा वार्ड, खानका वार्ड,जयस्तंभ वार्ड,राजपुरा वार्ड का जयस्तंभ पानी की टंकी के पास , 27 अक्टूबर को डाकवाड़ी न्यामतपुरा, रास्तीपुरा,राजीव वार्ड,गुरु नानक वार्ड, भारतीय स्कूल में एवं 28 अक्टूबर को इंदिरा कॉलोनीए रूईकर वार्डएलालबाग वार्ड,मिल एरिया,गुलाबगंज,गांधी कॉलोनी, शिवाजी नगर,चिंचाला का शिविर शिवाजी महाराज मंगल भवन पुलिस थाने के सामने लालबाग में आयोजित किये जायेगे।

लायंस क्लब बुरहानपुर ने वृहद वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बुरहानपुर। लायन्स क्लब बुरहानपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत 08 अक्टूबर को न्यू इंदिरा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में वृहद वृक्षारोपण कर पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी लेते हुये पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक जनमानस को वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेष दिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमेन लायन ठाकुर आदित्यवीरसिंह रहे।

लायंस क्लब बुरहानपुर ने दिव्यांग विद्यार्थियों को भोजन कराया व दंत परीक्षण किया:- लायंस क्लब बुरहानपुर द्वारा चल रहे सेवा सप्ताह-2025 में सेवाकार्य के अंतर्गत मूक बधिर अंध विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भोजन कराया गया एवं गुरू गोविंदसिंह डेंटल कॉलेज के अनुभवी दंत चिकित्सको के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत दंत परीक्षण कर सेवा कार्य किया गया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमेन एमजेएफलायन ओमप्रकाश पारीक रहे।

इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश देवडा, प्रथम उपाध्यक्ष लायन तारिकासिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष लॉयन पुष्पा मूंदड़ा, सचिव लायन एजाज गफ्फार खान, लायन मनीष पटेल, लायन एमजेएफ डॉ. एस.एम. तारिक, लायन हसमुखलाल जरीवाला, लायन राज खंडेलवाल, ठाकुर देवेष्वसिंह, शाहरूख हवलदार सहित अन्य लायनसाथी उपस्थित रहे।

महिला के शव का अपमान एवं छेड़छाड़ करने वाला दरिंदा आरोपी गिरफ्तार

विडियों वाईरल होने के बाद जिम्मेदारों ने लिया संज्ञान। मामला 1वर्ष पूर्व का होने पर बनाई गई थी जांच समिति।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । खकनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ;सीएचसी में महिला के शव के साथ हुई घिनौनी हरकत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पोस्टमार्टम रूम के बाहर रखे शव को एक युवक ने पहले छेड़ाए फिर स्ट्रेचर से उठाकर घसीटता हुआ ले गया। कुछ देर बाद शव को जमीन पर पटककर वहां से फरार हो गया। पूरी वारदात अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना अप्रैल 2024 की है, लेकिन विभाग ने इसे दबाकर रखा। अब वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सीसीटीव्ही फुटेज में जो दिखा, उसने सबको दहला दिया :- दरअसल 18 अप्रैल 2024 की सुबह करीब 6.45 से 7.05 बजे के बीच की घटना है। सीएचसी के पोस्टमार्टम रूम के बाहर स्ट्रेचर पर महिला का शव रखा था। तभी एक युवक वहां पहुंचा। उसने पहले इधर.उधर नजर दौड़ाई। फिर शव के पास जाकर झुकने लगा। थोड़ी देर बाद उसने शव को पकड़कर खींचना शुरू कर दिया। सीसीटीवी में साफ दिखा कि वह शव को घसीटता हुआ स्ट्रेचर से नीचे उतारता है और कुछ दूर ले जाता है। कुछ देर बाद वापस आता है और शव को जमीन पर पटककर वहां से निकल जाता है।

जांच कमेटी बनी,मामला दबा रहा स्टाफ :- करीब एक हफ्ते पहले जब यह वीडियो टेक्निकल टीम ने चेक किया तो मामला खुला। टीम ने बीएमओ डॉ.आद्या डावर को इसकी जानकारी दी। वीडियो कलेक्टर हर्ष सिंह तक पहुंचा तो उन्होंने तुरंत जांच समिति बनाई। समिति ने घटनास्थल का वेरिफिक्रेशन किया,ए रिकॉर्ड खंगाले और रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में घटना सही पाई गई। अस्पताल स्टाफ इस हरकत से घबराया हुआ था। नर्सिंग स्टाफभी हैरान था, लेकिन विभाग ने पूरा मामला दबाए रखा। सीएमएचओ डॉण् आरके वर्मा का कहना था कि इस संबंध में अब तक कोई शिकायत नहीं मिली थी। हालांकि अब इसे स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही माना जा रहा है।

पुलिस ने मामाला दर्ज किया ,आरोपी गिरफ्तार:- 7 अक्टूबर 2025 को बीएमओ डॉ.आद्या डावर ने खकनार थाने में लिखित शिकायत दी। शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 459/2025 धारा 297 भादवि के तहत केस दर्ज हुआ।

थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने तुरंत टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी निलेश पिता अब्बर, उम्र 25 साल,जाति भिलाला, निवासी तंगियापाट ,भौराघाट निकला। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया।

एएसपी अंतरसिंह कनेश ने बताया कि घटना पिछले साल की है। हाल ही में वीडियो वायरल होने के बाद केस दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने शव से छेड़छाड़ करने की बात स्वीकार की है।

महत्वपूर्ण भूमिका:- निरीक्षक अभिषेक जाधव, उनि रामेश्वर बकोरिया, सउनि मनीश कुमार, तारक अली, प्रआर राजकुमार वर्मा, अमित कुमार अवस्थी ,मेलसिंह सोलंकी, आर् जितेन्द्र चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहानए उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री दुबे सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। यह वाहन जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर नशा मुक्त भारत अभियान का प्रचार.प्रसार करेगा।

खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते पदक, अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर । पुलिस अधीक्षक खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बुरहानपुर की युवा प्रतिभाएं खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है।

नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल द्वारा खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। दिनांक 28 से 29 सितंबर 2025 तक आईपीएस कॉलेजए ग्वालियर में आयोजित 13 वीं नेशनल चैंपियनशिप 2025 ;राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताद्ध में बुरहानपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है:- वॉलीबॉल जूनियर वर्ग में ज्योति दशोर , दिव्यांनी

महाजन, वॉलीबॉल सीनियर में जय शिव जाधव, मंथन धामनदेकर,मयंक परदेसी,वेदांत दहिभाते, स्वास्तिक राजपूत, मनीष पालवी।

मिनी वर्ग में जूनियर एथलेटिक्स खेल में ध्रुव कुमरावत, लॉन्ग जंप में राहुल कापसे , 100 मीटर दौड़ के विजेता प्रशांत सोनवणे है। 13वी नेशनल चैंपियनशिप के विजेता रहे खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता नेपाल में 22 नवंबर 2025 को आयोजित होने जा रही है इसमें उक्त खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला अधिवक्ता संघ के नवीन सत्र के निर्वाचन प्रक्रिया आज से हुई शुरू

बुरहानपुर । जिला अधिवक्ता संघ ब्रहानपुर के नवीन सत्र 2025 2027 के निर्वाचन हेतु आज से प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

मोहम्मदपुरा स्थित जिला न्यायालय परिसर में निर्वाचन अधिकारी खलील अहमद अंसारी व सह निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता विजय कुमार शाह और अन्य की उपस्थिति में आज से विभिन्न पदों के नामांकन फार्म लेना आरम्भ किया। पहले दिन सचिव पदेतु वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष देवताले ने अपने दो ब्राह्मण अधिवक्ता पंडित शंतनु विपट एवं पंडित प्रकाश तिवारी के साथ समर्थकों की उपस्थिति में नामांकन

फार्म जमा किया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आज दिनांक 9 अक्टूबर के शाम 5 बजे तक विभिन्न पदों के नामांकन अभ्यर्थी जमा कर सकेंगे। कल 10 अक्टूबर को सभी नामांकन फार्म की जांच होगी और 11 अक्टूबर फॉर्म वापसी का दिवस रहेगा। निर्वाचन अधिकारीयों के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, लायब्रेरी यन तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ महिला पुरुष कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होना है। मतदान की तिथि 14 अक्टूबर 2025 सुनिश्चित हुई है। और मतदान का समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक का रहेगा।

नगर निगम ने रैली निकाल स्वच्छता दिया संदेश

बुरहानपुर । निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध दानव बनाकर मुख्य चौराहों गांधी चौक से होते हुएसुभाष चौक, इकबाल चौकएमंडी चौक, सिटी कोतवाली से फव्वारा चौक तक राक्षेश दानव बनाकर रैली निकाली ।

जिसका उद्देश्य नागरिको को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में जानकारी देना एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और दुष्प्रभाव इसके विकल्प का उपयोग करने के लिए नागरिकों

को जागरूकता रैली के माध्यम से संदेश दिया गया एवं जगह.जगह पर दानव के द्वारा व्यवसायी एवं राहगीरों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की समझाइश देकर पन्नी का उपयोग नहीं करने की उसकी जगह कपड़े की थैली का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा के निर्देश पर निगम द्वारा नवदुर्गा पंडाल और शहर के विभिन्न चौराहों पर प्म्ब् संस्था अलाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का संदेश देकर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और दुष्प्रभाव के बारे में समझाइश दी गई।

उठो जवानों-उठो जवानों हम भारत के स्वाभिमान सरताज है : डॉ मोरे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने धुलकोट ग्राम में पथ संचलन निकाला। पथ संचलन ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए हुआ। स्वयंसेवकों ने जगह.जगह पहुंचकर हिन्दू समाज को एकत्र करने का संदेश दिया। संघ का शताब्दी वर्ष देश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक विद्यालय धुलकोट में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम परिचय के बाद

अतिथियों ने शस्त्र पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। उठो जवानों उठो जवानों उठो जवानों हम भारत के स्वाभिमान सरताज है डॉ कृष्णा मोरे ने गीत गायन किया। कार्यक्रम में बौद्धिक देते हुए जिला कार्यवाह गजानंद जी दुबे ने बताया कि हिन्दू समाज को एक माला में पिरोने के लिए परम पूज्य डॉ हेडगेवार ने केवल पांच स्वयं सेवक से संघ कार्य प्रारंभ किया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में की। आज देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनेक शाखाएं कार्य कर रही हैं। इस वर्ष संघ ने पंच परिवर्तन जिसमें सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण स्व का बोध नागरिक अनुशासन का पालन करने का आह्वान कर समाज के सभी घटकों को साथ लेकर चलने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि हिमालय से लेकर हिन्द महासागर तक फैला हिन्दुस्तान और यहा रहने वाले सभी हिन्दू हैं। भारत भूमि देवभूमि है, जो सबसे प्राचीन और गौरवशाली परंपरा है। संघ समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है ।

फोपनार के युवा कवि ने भोपाल में किया प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर । हिंदी दिवस के सुअवसर साहित्य अकादमी एवं संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा ष्भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान, सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता का सूत्रद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा रचनाधर्मी कुम्भ आयोजित किया गया था,जिसमें फोपनार के युवा नितिन श्रीराम वाडले ने अपनी प्रस्तुति देकर बुरहानपुर का प्रतिनिधित्व किया, युवा कुम्भ में प्रदेश से लगभग 700 प्रतिभागियों को आमन्त्रण पत्र के

माध्यम से आमंत्रित किया गया था। उसमें श्री वाडले पेशे ग्राफिक्स डिजाइनर है उनकी इस उपलब्धी पर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। भोपाल के रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आयोजित भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान कार्यक्रम में समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने कहा मां और मातृभाषा से बढ़कर कोई नहीं। इस मौके पर उन्होंने देश.विदेश के 10 साहित्यकारों को राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान से सम्मानित किया।

एक नजर — कुंड में विसर्जन कर समिति ने श्रद्धा और संवेदनशीलता दिखाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

माँ शेरावाली की देखरेख में हो सका ग्राम खामनी में दिव्य आयोजन, ग्रामीणों की श्रद्धा को प्रणाम : चिटनिस

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर । खामनी एवं आसपास के ग्रामवासियों ने यह साबित कर दिया है कि जब धर्म और संस्कृति की उपासना का संकल्प लिया जाता है, तो ईश्वर स्वयं उस कार्य को सफल बनाने में मदद करते हैं। इस पवित्र कार्य में न केवल खामनी गाँव के लोग, बल्कि आस.पास के कई गाँवों के निवासियों ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। यह एक अद्वितीय उदाहरण है जहाँ पूरा समुदाय एक साझा धार्मिक लक्ष्य के लिए एकजुट हुआ। यह पहल हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिखाती है कि सच्ची आस्थाए समर्पण और सामूहिक प्रयासों से कोई भी बड़ा कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं,बल्कि आपसी भाईचारे,सहयोग और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। साथ ही माता जी का विसर्जन प्रशासन द्वारा बनाए गए कुंड में कर समिति ने श्रद्धा और संवेदनशीलता दिखाकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया है।

यह बात विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने कही। विगत दिवस ग्राम खामनी से निकला माता जी के विसर्जन चल समारोह का स्थान.स्थान पर नागरिकों ने स्वागत किया। चल समारोह देर रात को विसर्जन स्थल आयुर्वेद महाविद्यालय के समीप प्रशासन द्वारा बनाए कुंड में माता जी के विसर्जन महाआरती के साथ संपन्न हुआ। भारत माता और ताप्ती माता की जय के उद्घोष के साथ भक्तिपूर्ण व भावनात्मक वातावरण में माता की विदाई की। तत्पश्चात सेवादारोंए कार्यक्रम से

जुड़े भक्तों एवं ग्रामीणों के सम्मान में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ग्रामवासियों की भक्ति और समर्पण भावना की सराहना करते हुए कहा कि खामनी के लोगों ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया हैए वह अनुकरणीय है। 15 दिवसीय आयोजन में उमड़ा आस्था का सागरए प्रशासन और ग्रामवासियों की सेवा भावना बहुत ही सराहनीय है। माँ वैष्णो देवी की अनुकंपा और भक्तों की अटूट श्रद्धा के बीच ग्राम खामनी ने नवरात्र के प्रारंभ से लेकर समापन दिवस 7 अक्टूबर तक भक्ति और उल्लास का अद्भूत संगम देखा। पूरा गाँव इन दिनों माँ वैष्णो देवी धामए कटरा का प्रतीक बन गया था। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही महाराष्ट्र से लगभग 200 किलोमीटर दूर तक से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए खामनी पहुँचे। 15 दिनों तक चले इस दिव्य आयोजन में संपूर्ण क्षेत्र माँ की भक्ति में डूब गया था। इस प्रतिकृति को छोटे गांव में आकार दे कर खामनी ग्रामवासियों ने धार्मिक आस्था और अटूट संकल्प का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। खामनी गाँव वासियों में कटरा स्थित माता वैष्णो देवी धाम की प्रतिकृति बनाने का एक बड़ा और पवित्र संकल्प लिया था। इस पवित्र कार्य को पूरा करने के लिए पूरे गाँव की एक जुटता और हर व्यक्ति द्वारा इस पवित्र कार्य में अपना पूरा समय सहयोग दिया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इतने विशाल आयोजन के बावजूद किसी प्रकार की कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना नहीं हुई। ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं माँ शेरावाली इस आयोजन की देखरेख कर रही हों। ग्राम खामनी आसपास के ग्रामों के छोटे.बड़ेए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने दिन.रात निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा में अपनी भागीदारी निभाई। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी सतत सक्रियता और मुस्तैदी के साथ अपना दायित्व निभायाए जिससे

आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफ्ल रहा। श्री माता वैष्णोदेवी समिति खामनी तथा समस्त ग्रामवासियों की आस्थाए एकताए उत्साह और लगनशीलता ने यह सिद्ध कर दिया कि सामूहिक भाव और माँ के प्रति समर्पण से हर कार्य सफ्ल बनता है। यह आयोजन न केवल खामनी गाँव बल्कि पूरे बुरहानपुर जिले के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

आयोजन से जुड़े ग्रामीणों ने बताया कि यह दिव्य और भव्य आयोजन लोकप्रिय नैत्री व हमारी अपनी बहन अर्चना चिटनिस के मार्गदर्शन और सहयोग से संपन्न हो रहा है। उनके निरंतर प्रोत्साहन और दिशा.निर्देशों से ही यह आयोजन सफ्लता की ओर अग्रसर है। समिति द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ माता जी की प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन द्वारा बनाए गए कृत्रिम कुंड में किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और भक्तों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अपील की कि सभी श्रद्धालु प्राकृतिक जल स्त्रोतों को प्रदूषित करने से बचें और निर्धारित कुंडों में ही विसर्जन करना चाहिए। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रशासन द्वारा बनाए गए अस्थायी कुंड न केवल पर्यावरण की सुरक्षा में सहायक हैंए बल्कि इससे नदी.तालाबों का प्रदूषण भी रोका जा सकता है। उपस्थित जनसमूह ने माता रानी के जयकारों के साथ विसर्जन किया और स्वच्छता तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने,अमित मिश्रा,समर्थ चिटनिस, चिंतामन महाजन,वीरेन्द्र तिवारी,किशोर पाटिल, योगेश मोतेकर, धनश्याम पाटिल, राजेन्द्र चौधरी,चेतन महाजन, भूषण महाजन, सुनिल महाजन, नरहरी दीक्षित, मुकेश शाह, अरूण पाटिल,दुर्गेश शर्मा, योगेश चौधरी, मनोज महाजनए,संभाजीराव सगरे, सुमित बोरले, रवि काकड़े, दीपक महाजन, रूपेश लिहनकर,महेन्द्र चौधरी,कैलाश हरणे सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।